# 'मंडियों में पात्र श्रमिकों का हो पंजीकरण, जिससे योजनाओं का लाभ मिल सकें'

- **जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि विपणन विभाग की बैठक आयोजित**



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कृषि विपणन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि कृषि मंडियों में सभी पात्र श्रमिकों का पंजीकरण किया जाए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मंडियों में किसानों के लिए भोजन, पेयजल और सामुदायिक शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं हों यह सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विपणन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंडी श्रमिकों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इनका लाभ प्रत्येक पात्र को मिले। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और इनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को किसी प्रकार की दुर्घटना पर मिलने वाली राहत, महिला श्रमिकों अथवा श्रमिकों की पत्नी को दी जाने वाली प्रसूति सहायता, विवाह एवं छात्रवृति आदि की जानकारी विभिन्न माध्यमों से श्रमिकों तक पहुंचाई जाए।

जिला कलेक्टर ने नोखा, श्रीडूंगरगढ़ और बीकानेर में मंडियों के स्थानांतरण अथवा विस्तार के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित उपखण्ड अधिकारी से इस संबंध में समन्वय स्थापित किया जाए। नोखा में मंडी परिसर से गुजर रही विद्युत की हाइटेंशन लाइन की शिफ्टिंग के लिए विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गांधी कृषक साथी योजना के तहत लंबित 48 प्रकरणों को निस्तारित करने और बेवजह कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया जाए। उन्होंने बीकानेर और नोखा में संचालित किसान कलेवा योजना के बारे में जाना और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मंडियों में कलेवा योजना के तहत भोजन उपलब्ध नहीं हो रहा है। वहां अन्नपूर्णा रसोई की सुविधा हो, इसके लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने मंडियों में सामुदायिक शौचालय बनवाने तथा इनका उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही इनमें साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि ई-नाम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को कृषक उपहार योजना के बारे में बताएं। मंडी में आने वाले वाहनों की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मंडियों में किसान घर अथवा विश्राम गृह की स्थिति की बारे में जाना और कहा कि किसानों के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के नॉर्म्स के अनुरूप सभी आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं।

उन्होंने विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, कृषि विपणन विभाग के संयुक्त निदेशक शिव सिंह भाटी, बीकानेर मंडी सचिव नवीन गोदारा सहित विभिन्न मंडियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**मनरेगा कार्यशाला आज :** महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत तकनीकी एवं लेखा शाखा सहित अन्य कार्मिकों की एक दिवसीय कार्यशाला गुरूवार प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक विभिन्न सत्रों में जिला परिषद सभागार में आयोजित की जायेगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि कार्यशाला के लिए विषयवार प्रशिक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान मनरेगा के प्रावधानों और नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार नवीनतम सर्कुलर के संबंध में चर्चा की जायेगी। अधिशासी अभियंता (ईजीएस) धीरसिंह गोदारा द्वारा नए प्रावधानों के बारे में बताया जायेगा। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटीज के प्रतिनिधि द्वारा आजीविका संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं चारागाह विकास विषय पर व्याख्यान दिया जायेगा। वार्षिक कार्य योजना 2025-26 व कन्वर्जेंस की जानकारी सहायक अभियंता आराधना शर्मा व मनीष पूनिया द्वारा दी जायेगी।

तकनीकी मार्गदर्शिका एवं व्यक्तिगत लाभ के कार्यों के संबंध में मुकेश आहुजा जीआईएस आधारित प्लान, सिक्योर ई-मेप विषय पर राघवेंद्र सिंह बीका और जय भगवान जानकारी देंगे। ऑडिट पैरा यूसीसीसी समायोजन आदि विषयों पर नरेश चंद्र चाहर व नसीम बानो, वार्षिक कार्य योजना 2024-25 के संजय कुमार श्रीमाली, नवीन शेखर पुरोहित एवं ओमप्रकाश, आईईसी गतिविधियों पर गोपाल जोशी चर्चा करेंगे।

## बर्फी, रसगुल्ला व मावा मिठाई के सैम्पल लिए

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने बुधवार को हनुमानगढ़ में मिठाई विक्रेताओं से खाद्य सामग्री के पांच सैम्पल संग्रहित किए।

त्यौहार नजदीक होने के कारण चल रहे अभियान के तहत जिले में अधिक सैम्पल लेने की कार्यवाही की जा रही है ताकि मिलावट करने वालों पर नकेल कसी जायेगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मै. श्री रानी भटीयाणी जोधपुर स्वीट्स से बर्फी मावा मिठाई, मै. जीएन स्वीट्स रसगुल्ला, मै. बंसल किराना स्टोर से मस्टर्ड ऑयल, घी एवं मै. सांईजी स्वीट्स से बर्फी मावा मिठाई का सैम्पल लिया गया।

उन्होंने बताया कि आज निरीक्षण दल में शामिल एफएसओ रफीक मोहम्मद, सहायक कर्मचारी हीरावल्लभ एवं गुरूशरण कंग उपस्थित थे। सैम्पल की जांच के लिए नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है। डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्य स्तरीय व्हाट्सएप नंबर 9462819999 पर दें ताकि जिले में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके।

इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैम्पल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जायेगा।

## सार-समाचार

### बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यशाला



**महिला अधिकारिता विभाग ने पांचू में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यशाला आयोजित की।**

**बीकानेर,** (कासं)। महिला अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के तहत बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान कार्यशाला का पांचू में आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, आशा का विभागीय गतिविधियों, योजनाओं और अधिनियमों पर आमुखीकरण और द्विपक्षीय वार्ता की गई। इस अवसर पर विकास अधिकारी जसवंत विश्नोई ने बाल विवाह रोकथाम पर जानकारी दी। सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. विकास ने भी कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के साथ लाडो और मुखबिर योजना के बारे में बताया। आईसीडीएस की पर्यवेक्षक वीणा खत्री, वंदना तोमर, सुमन खड़गावत में पोषण ट्रेकर, सहजन के पौधे की महत्ता और गर्भावस्था में समुचित विकास के बारे में बताया। मनीराम विश्नोई ने बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता की विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 150 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, आशा सहित पंचायत समिति कार्मिक उपस्थित थे।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-जिप्सम, 02, गाँधी नगर, स्कीम, बीकानेर- 334001

फोन नं. : 0151-2200171-75, फैक्स : 0151-2523519/2202842

**संशोधित-निविदा सूचना-1** — दिनांक :- 08/10/2024

| निविदा क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का प्रकार |
|---|---|
| आरएसएमएम/जिप/निविदा-04/(29)/2024-331, दिनांक 09.09.2024 यूबीएन नं. MML2425SSOB00119 | आर. एस. एम. एम.एल.ए एस.बी.यू. एण्ड पी.सी. (जिप्सम), बीकानेर कार्यालय भवन में कैन्टीन संचालन कार्य हेतु । अनुबन्ध राशि रू.- 04.00/- लाख निविदा शुल्क रू. 590/- निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि व समय दिनांक 21.10.2024 समय दोपहर 03.30 तक। निविदा खुलने की तिथि व समय दिनांक 22.10.2024 समय दोपहर 03.30 तक |

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाइट **www.sppp.rajasthan.gov.in** और **www.eproc.rajasthan.gov.in** और अथवा वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) बीकानेर से सम्पर्क कर सकते है।

**राज.संवाद/सी/24/6348** — **उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)**

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2024-25/16094-16108 — **निविदा सूचना /2024-25** — Date:09.10.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Construction of ITI College at Pugai & at Kolayat, Distt. Bikaner) (02 Works) **UBN : (1) RRC2425WLOB00499 (2) RRC2425WLOB00500** | 1260.00 Lakh | ई-241/24-25 |
| SITC of HVAC & Force Ventilating works in New Teaching Hospital Building at Sawai Madhopur. **UBN : RRC2425WSOB00492** | 278.50 Lakh | ई-250/24-25 |
| Construction of Critical Care Block at 4th Floor New Teaching Hospital Building & Remaining Portion work at Sawai Madhopur. **UBN : RRC2425WLOB00498** | 935.02 Lakh | ई-251/24-25 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। **महाप्रबंधक**



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय उपनिवेशन तहसीलदार गजनेर मु.कोलायत**

**क्रमांक:ओ.के./2024/5063** — **दिनांक:-20.9.24**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि इस कार्यालय में वसीयत इन्तकाल के लिए एक प्रार्थना पत्र श्री रामनारायण पुत्र पूनमचंद जाति राठी निवासी जयमलसर तहसील बीकानेर व जिला बीकानेर ने पेश किया है जिसमें ग्राम जयमलसर ख.नं.167/2/2रकबा.9.09 बीघा व ख.न.182/2/2 रकबा9.11 बीघा कृषि भूमि पिता पूनमचंद पुत्र प्रेमरतन जाति राठी निवासी जयमलसर के नाम कृषि भूमि विरासतन खातेदार दर्ज रिकार्ड है।आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार पूनमचंद पुत्र प्रेमरतन जाति राठी निवासी जयमलसर की मृत्यु दिनांक 10.05.2023को हो गई है व खातेदार द्वारा मृत्यु से पूर्व दिनांक 15.09.2021 को सब-रजिस्ट्रार, सुरत द्वारा वसीयत पंजीबद्ध करवाई है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई उज्र एतराज हो तो सम्बन्धित पक्षकार मय सबूत इस कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई उज्र एतराज मान्य नहीं होगा। सूचना आज दिनांक 20.9.24 को मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

उपनिवेशन तहसीलदार
गजनेर मु.कोलायत



**कार्यालय उपनिवेशन तहसीलदार गजनेर मु.कोलायत**

**क्रमांक:-ओ.के./2024/5083** — **दिनांक:-20.9.24**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि इस कार्यालय में वसीयत इन्तकाल के लिए एक प्रार्थना पत्र श्री सत्यनारायण पुत्र बाबुलाल जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर तहसील बीकानेर जिला बीकानेर के जरिये वकिल राधेश्याम उपाध्याय ने पेश कि है जिसमें ग्राम जयमलसर के ख.न.77 में रकबा 46 बीघा 9बिस्वा बालचन्द अमरचन्द पिसरान सीताराम दू.बहि.ब दर 3/4 एव. खसरा नम्बर 226/8रकबा 50 बीघा बालचंद पुत्र सीताराम हि.1/2 जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर खातेदार के नाम कृषि भूमि दर्ज रिकार्ड है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार बालचन्द पुत्र सीताराम जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर तहसील व जिला बीकानेर हाल आबाद मुरलीधर व्यास बीकानेर के द्वारा वसीयत दिनांक 14.09.2009 को अपने पुत्र बाबूलाल व श्रीमति मंजूदेवी पत्नि शंकरलाल के पक्ष में उप-पंजीयक, बीकानेर द्वारा तस्दीक शुद्धा है जिसमें बाबूलाल की मृत्यु दिनांक 19.09.2014 को हो चुकी है जिसके जायज वारिसान निम्न प्रकार से है :- मगनी देवी पत्नि, सत्यनारायण पुत्र, राधेश्याम पुत्र, सरिता पुत्री, शकुन्तला देवी पुत्री, अनीता पुत्री, रूखमा कुमारी पुत्री का शपथ पत्र पेश सलंग्न वसीयत प्रार्थना पत्र में दिया है। यह कि वसीयतकर्ता बालचंद पुत्र सीताराम जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर तहसील व जिला बीकानेर हाल आबाद मुरलीधर व्यास बीकानेर खातेदार कि मृत्यु दिनांक 26.08.2017 को हो चुकी है। व खातेदार ने मृत्यु से पूर्व वसीयत तस्दीक करवाई है। इस संबंध में यदि किसी को कोई उज्र एतराज हो तो सम्बन्धित पक्षकार मय सबूत इस कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद कोई उज्र एतराज मान्य नही होगा। सूचना आज दिनांक 20.9.24 को मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

उपनिवेशन तहसीलदार
गजनेर मु.कोलायत


# युवती से अश्लील हरकत, टोका तो सुरक्षाकर्मी से मारपीट

- **पीबीएम अस्पताल में प्रसूता के साथ आई युवती से नर्सिंगकर्मी ने की अश्लील हरकत**

**बीकानेर,** (कासं)। संभाग का सबसे बड़ा पीबीएम अस्पताल एक बार फिर विवादों में आ गया है। इस बार गार्ड और नर्सिंगकर्मी आपस में भिड़ गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह झगड़ा सुरक्षा गार्ड और नर्सिंग स्टाफ के बीच तब हुआ। जब नर्सिंगकर्मी को प्रसूता के साथ आई एक युवती के साथ बदसूलकी करने का उलाहना दिया गया। बताया जा रहा है कि शनिवार को प्रसूति विभाग में तैनात नर्सिंगकर्मी प्रयागराज ने एम वन वार्ड में भर्ती एक महिला के रिश्तेदार के साथ अश्लील हरकतें करने की कोशिश की। प्रसूता महिला रिश्तेदार के हल्ला मचाने पर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचा और उसे टोका तो प्रयागराज वहां से भाग छूटा।

इसी बात को लेकर मंगलवार देर रात प्रयागराज अपने साथी के साथ आया और अस्पताल परिसर में स्थित 4 नम्बर दवा वितरण केन्द्र के आगे सुरक्षाकर्मी हुकुमचंद से उलझ गया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई हुई। इस दौरान सुरक्षाकर्मी के हाथ को भी प्रयागराज ने काट लिया।

दोनों पक्षों के बीच की झड़प ने अस्पताल के शांतिपूर्ण माहौल को क्षण भर में हंगामे में बदल दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पीबीएम चौकी में फोन कर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे नर्सिंगकर्मी प्रयागराज को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले को लेकर सुरक्षागार्ड हुकुमचंद ने नर्सिंगकर्मी प्रयागराज के विरूद्ध सदर थाने में मामला दर्ज कराया है। इस घटना ने अस्पताल के सुरक्षा और प्रबंधन के तरीकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस प्रकार की घटना के बाद पीबीएम प्रबंधन पर इस प्रकार के प्रश्न उठने लगे हैं कि आखिर रात्रि में प्रसूता विभाग सहित अनेक विभागों में क्या महिलाएं सुरक्षित है। यहां काम करने वाले संविदाकर्मी ने इस प्रकार की हरकत कर पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

डॉ.पी.के.सैनी, पीबीएम अधीक्षक बीकानेर का कहना है कि नर्सिंगकर्मी व सुरक्षाकर्मी में किसी बात को लेकर मंगलवार रात एक बजे झगड़े की सूचना है। यह किस बात को लेकर हुआ अभी तक इसका पता नहीं है। मेरी जानकारी में नहीं है कि किसी युवती के साथ अश्लील हरकत का कोई मामला है।

## गोदारा के जन्मदिन रक्तदान शिविर 11 को

**बीकानेर,** (कासं)। रक्तवीर राजेश गोदारा के जन्मदिवस के अवसर पर दूसरा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ब्लड बैंक में 11 अक्टूबर को किया जायेगा।

रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ डॉ. हरीश आर्य, डॉ. प्रशान्त बेनिवाल, डॉ. मनोज कुमार माली (सह आचार्य मेडिसिन विभाग), डॉ. रमाकांत दिशा (फिजिसियन) द्वारा किया गया। डॉ. मनोज कुमार माली ने बताया कि रक्तदान महादान हैं, जो हर जरूरतमंद मरीज को जीवन दाता के रूप में उभर कर काम आयेगा। राजेश गोदारा ने बताया कि रक्तवीर जीवनदाता सेवा समिति, बीकानेर हमेशा जरूरतमंद लोगों की सेवा में तत्पर रहती है। संस्थान के सदस्यों द्वारा इस मानवता जैसे कार्यों की पहल करके सामाजिक सरोकार एवं जीवनदान है।

# नवरात्र मेला में बिके 13.45 लाख के उत्पाद

- **महिलाओं ने कॉरपेट, कालीन, हैण्डीक्राफ्ट, हैण्डमेड ज्वैलरी, लेदर प्रोडक्ट की स्टाल्स लगाई**

**बीकानेर,** (कासं)। 28 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक आयोजित नवरात्रि मेला इसी श्रृंखला की एक कड़ी रहा, जिसमें 76 स्टॉल्स लगाई गई और इन्हें 13.45 लाख रूपये की बिक्री हुई।

जिला प्रशासन द्वारा उद्यम प्रोत्साहन संस्थान और जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हॉट में आयोजित मेले के दौरान महिलाओं ने कॉरपेट, कालीन, पायदान, हैण्डीक्राफ्ट, हैण्डमेड ज्वैलरी, लेदर प्रोडक्ट, बेकरी उत्पाद, कशीदाकारी, नमकीन, वूलन उत्पाद, गारमेंट्स, उस्ता कला, जटिल कढ़ाई वाले वस्त्र, मिट्टी और चीनी मिट्टी के बर्तन सहित विभिन्न स्टॉल्स लगाई गई।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि पूर्व भी 9 से 15 अगस्त तक सावन मेला आयोजित किया गया। इसमें आर्टीजन, लघु उद्योग, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं स्टाल धारकों द्वारा 11.90 लाख रूपए की बिक्री दर्ज की गई। मेले में 85 दुकानें लगाई गई। इनमें से 90 प्रतिशत दुकानें महिलाओं द्वारा संचालित की गई। इसमें बीकानेर के अलावा भीलवाड़ा, जयपुर, अजमेर और किशनगढ़ आदि क्षेत्रों के लघु उद्यमियों ने भागीदारी निभाई। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित होने वाली इन गतिविधियों की श्रृंखला में बीकानेर में 4 से 10 नवम्बर तक संभाग स्तरीय अमृता हॉट मेला आयोजित किया जायेगा।

# देर रात शरारती तत्वों ने हुड़दंग मचाया

- **गोपेश्वरी बस्ती क्षेत्र में युवकों ने पहले एक बाइक को डंडे से ठोक कर तोड़ डाला**

**बीकानेर,**(कासं)। शहर में शरारती तत्वों द्वारा आये दिन उत्पात मचाने की घटनाएं सामने आ रही है। अभी आचार्य चौक में एक मोटरसाइकिल को आग लगाने की घटना का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि गंगाशहर थाना क्षेत्र में देर रात युवकों ने जमकर तांडव किया।

बताया जा रहा है कि गोपेश्वरी बस्ती क्षेत्र में युवकों ने जमकर हुड़दंग किया। पहले एक मोटरसाइकिल को बुरी तरह डंडे से ठोक कर तोड़ डाला। फिर उसको आग के हवाले करने का प्रयास किया। जब इस घटना को किसी तरह रोका गया तो बदमाशों ने ऑटो पलट दिया और शीशे तोड़ डाले। देर रात अचानक हुई इस घटना से एकबारगी अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोगों में इस घटना को लेकर दहशत है। सूचना पर गंगाशहर थाना पुलिस की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। एक युवक को हिरासत में भी लिया। थानाधिकारी समरवीर सिंह के अनुसार एक युवक के सिर पर चोट भी लगी है। हालांकि अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं चला है। सूत्रों का कहना है कि लड़कों ने स्मैक व शराब का नशा कर रखा था। संभवत यही मुख्य कारण है।

## समस्या समाधान शिविर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले की तहसील के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं के लिये 16 एवं 17 अक्टूबर को पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि शिविर में भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड साथ में लेकर आये। सभी भूतपूर्व सैनिक व वीरांगनाएं शिविर का लाभ उठायें। शिविर में समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 11.30 बजे तक लायन्स क्लब व्यापार मण्डल-2 घडसाना एवं 12 बजे से 1.30 बजे तक पंचायत समिति अनूपगढ़ में शिविर आयोजित होगा।

# मॉडल से अंग्रेजी, गणित को सरल बनाने के तरीके बताये

**नोखा,** (कासं)। ब्लॉक स्तरीय किशोरी शैक्षिक उत्सव 2024 में बालिकाओं ने मॉडल के माध्यम से अंग्रेजी, गणित जैसे कठिन विषय, हिन्दी की बारीकियां एवं अंग्रेजी को सरल बनाने के तरीके बताये।

राजकीय हीराबाई गट्टानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिथियों द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रेमदान ने नवाचार युक्त मॉडल निर्माण के लिए बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। संदर्भ व्यक्ति हंसराज गोदारा ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी। विषय वार तीन जोन में प्रतिस्पर्धा रखी गई। जिसमें प्रथम जोन माध्यमिक समूह में भाषा विषय में करिश्मा लखोटिया गट्टानी स्कूल प्रथम, ममता भांभू नोखा गांव द्वितीय एवं रिया बीकासर तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में मोरखाना की अरूण प्रथम, बीकासर की शिवानी एवं सुथारों का बास स्कूल की पवित्रा सुथार तीसरे स्थान पर रहे।

द्वितीय जोन अंग्रेजी गणित में जयश्री बीकासर प्रथम, हीराबाई गट्टानी स्कूल की निजरा द्वितीय एवं लालमदेसर बड़ा की ममता तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में चंद्रकला प्रथम निकिता बीकासर द्वितीय, मोरखाना की आइना तीसरे स्थान पर रही।

तृतीय जोन समसामयिक विषय में मोरखाना की शिक्षा प्रथम, सालुंडिया की आइना द्वितीय, हियादेसर की तनीषा राजपुरोहित तृतीय स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में नोखा गांव की मोनिका प्रथम, मोरखाना की निशा द्वितीय एवं बीकासर की नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं को 500 रूपये, द्वितीय को 300 एवं तृतीय को 200 रूपये के पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में विजय शर्मा, प्रेमप्रकाश, हरेंद्र डूडी, बजरंग लाल, पूनम दर्जी, जितेन्द्र शर्मा, अनीता चौधरी एवं राजेन्द्र प्रसाद बिश्नोई की मुख्य भूमिका रही। ब्लॉक स्तरीय इस कार्यक्रम में आज 98 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हरेन्द्र डूडी ने किया।


राजस्थान सरकार

कार्यालय उपनिवेशन तहसीलदार गजनेर मु.कोलायत

क्रमांक:ओ.के./2024/5063 — दिनांक:-20.9.24

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि इस कार्यालय में वसीयत इन्तकाल के लिए एक प्रार्थना पत्र श्री रामनारायण पुत्र पूनमचंद जाति राठी निवासी जयमलसर तहसील बीकानेर व जिला बीकानेर ने पेश किया है जिसमें ग्राम जयमलसर ख.नं.167/2/2रकबा.9.09 बीघा व ख.न.182/2/2 रकबा9.11 बीघा कृषि भूमि पिता पूनमचंद पुत्र प्रेमरतन जाति राठी निवासी जयमलसर के नाम कृषि भूमि विरासतन खातेदार दर्ज रिकार्ड है।आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार पूनमचंद पुत्र प्रेमरतन जाति राठी निवासी जयमलसर की मृत्यु दिनांक 10.05.2023को हो गई है व खातेदार द्वारा मृत्यु से पूर्व दिनांक 15.09.2021 को सब-रजिस्ट्रार, सुरत द्वारा वसीयत पंजीबद्ध करवाई है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई उज्र एतराज हो तो सम्बन्धित पक्षकार मय सबूत इस कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई उज्र एतराज मान्य नहीं होगा। सूचना आज दिनांक 20.9.24 को मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

उपनिवेशन तहसीलदार
गजनेर मु.कोलायत



कार्यालय उपनिवेशन तहसीलदार गजनेर मु.कोलायत

क्रमांक:-ओ.के./2024/5083 — दिनांक:-20.9.24

सार्वजनिक सूचना


सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि इस कार्यालय में वसीयत इन्तकाल के लिए एक प्रार्थना पत्र श्री सत्यनारायण पुत्र बाबुलाल जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर तहसील बीकानेर जिला बीकानेर के जरिये वकिल राधेश्याम उपाध्याय ने पेश कि है जिसमें ग्राम जयमलसर के ख.न.77 में रकबा 46 बीघा 9बिस्वा बालचन्द अमरचन्द पिसरान सीताराम दू.बहि.ब दर 3/4 एव. खसरा नम्बर 226/8रकबा 50 बीघा बालचंद पुत्र सीताराम हि.1/2 जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर खातेदार के नाम कृषि भूमि दर्ज रिकार्ड है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार बालचन्द पुत्र सीताराम जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर तहसील व जिला बीकानेर हाल आबाद मुरलीधर व्यास बीकानेर के द्वारा वसीयत दिनांक 14.09.2009 को अपने पुत्र बाबूलाल व श्रीमति मंजूदेवी पत्नि शंकरलाल के पक्ष में उप-पंजीयक, बीकानेर द्वारा तस्दीक शुद्धा है जिसमें बाबूलाल की मृत्यु दिनांक 19.09.2014 को हो चुकी है जिसके जायज वारिसान निम्न प्रकार से है :- मगनी देवी पत्नि, सत्यनारायण पुत्र, राधेश्याम पुत्र, सरिता पुत्री, शकुन्तला देवी पुत्री, अनीता पुत्री, रूखमा कुमारी पुत्री का शपथ पत्र पेश सलंग्न वसीयत प्रार्थना पत्र में दिया है। यह कि वसीयतकर्ता बालचंद पुत्र सीताराम जाति पेड़िवाल निवासी जयमलसर तहसील व जिला बीकानेर हाल आबाद मुरलीधर व्यास बीकानेर खातेदार कि मृत्यु दिनांक 26.08.2017 को हो चुकी है। व खातेदार ने मृत्यु से पूर्व वसीयत तस्दीक करवाई है। इस संबंध में यदि किसी को कोई उज्र एतराज हो तो सम्बन्धित पक्षकार मय सबूत इस कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद कोई उज्र एतराज मान्य नही होगा। सूचना आज दिनांक 20.9.24 को मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

उपनिवेशन तहसीलदार
गजनेर मु.कोलायत


# रैली से दिया नशा नहीं करने, अपराधवृति व आत्महत्या न करने का संदेश

- **मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता आयोजित**



**मेडिकल स्नातक, नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रों एवं पी.बी.एम व मेडिकल कॉलेज के कार्मिकों द्वारा मानसिक जागरूकता रैली निकाली।**

**बीकानेर,** (कासं)। मानसिक रोग एवं नशामुक्ति विभाग, पी.बी.एम. चिकित्सालय बीकानेर द्वारा आयोजित सात दिवसीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के छठे दिन 09 अक्टूबर को विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सर्वप्रथम मेडिकल स्नातक छात्रों नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रों एवं पी.बी.एम व मेडिकल कॉलेज के कार्मिकों द्वारा मानसिक जागरूकता रैली निकाली गई जो मेडिकल कॉलेज से पी.बी. एम. चिकित्सालय परिसर से होते हुए मानसिक रोग विभाग में विसर्जित हुई। रैली को अतिरिक्त प्रधानाचार्य (प्रथम) डॉ अनिता पारीक, प्रोफेसर एवं कॉलेज एकेडमिक प्रभारी डॉ. गौरव शर्मा, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरफूल सिंह, आचार्य डॉ. श्रीगोपाल गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रेजिडेंट डॉ. तुलसी, डॉ. अदिति, डॉ. विशाल राणा, डॉ. पवन सारस्वत, डॉ. पूजा, नर्सिंग ट्यूटर सुनिता शेखावत, लतिका तंवर, नर्सिंग अधिकारी रविन्द्र सक्सेना, योगेन्द्र लेखाला, अजीत आर्य, देवकी धानू, विनोद पंचारिया आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके तहत नर्सिंग छात्रों ने अपनी अद्वितीय कल्पना और कियाशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नशा मुक्ति, अपराधवृति, आत्महत्या की प्रवृति एवं मानसिक रोगों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

प्रतियोगिता का परिणाम एवं पारितोषिक वितरण समापन समारोह में किया जायेगा। कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## मतदाता पंजीकरण अभियान 11 से

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के दौरान मतदाता पंजीकरण हेतु जिले में कलस्टर कैम्पों का आयोजन किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार सभी जिलों में मतदाता पंजीकरण हेतु कलस्टर कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान मतदाता सूची में राजकीय, निजी स्कूलों, कॉलेजों एवं विशेष योग्यजन मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु वर्ष में चार अवसर 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर प्रदान किये गये हैं। इसलिए 17 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा, जो आगामी अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर पोर्टल पर ऑनलाइन अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

